• जयपुर, मंगलवार 3 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 156 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 विकसित भारत-2047 के लिए दिशा देने वाला है बजट : उपमुख्यमंत्री...
पेज @4 केन्द्रीय बजट को लेकर उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित ...
पेज @8 केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में...

## न्यूज़ अपडेट

### बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड, दुनिया भर में बना चर्चा का विषय

**नई दिल्ली/एजेंसी।** बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने अपने प्रेरणादायक और अर्थपूर्ण जीवन में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ ली है। 90 साल की उम्र में उन्होंने वह कर दिखाया है, जो शायद ही किसी ने सोचा हो। 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में दलाई लामा ने अपना पहला ग्रैमी जीतकर फिर सुर्खियों में आ गए हैं। यह सम्मान उन्हें उनके खास ऑडियो प्रोजेक्ट मेडिटेशनः द रिफ्लेक्शन्स ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा के लिए मिला है। इस उपलब्धि के बाद दलाई लामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, मैं यह सम्मान कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे व्यक्तिगत चीज के तौर पर नहीं देखता, बल्कि इसे हमारी साझा सार्वभौमिक जिम्मेदारी की पहचान मानता हूं। मेरा सच में मानना है कि शांति, करुणा, हमारे पर्यावरण की देखभाल, और मानवता की एकता की समझ सभी आठ अरब इंसानों की सामूहिक भलाई के लिए जरूरी हैं। मैं आभारी हूं कि यह ग्रैमी सम्मान इन संदेशों को और ज्यादा लोगों तक फैलाने में मदद कर सकता है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1.41 करोड़ की साइबर ठगी: इंग्लैंड की युवती बनकर जाल में फंसाया

● फेसबुक पर दोस्ती से शुरू हुआ खेल

**ग्वालियर/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के बड़े उद्योगपति से साइबर ठगों ने 1 करोड़ 41 लाख की ठगी कर वारदात को अंजाम दिया है। ठगों ने खुद को इंग्लैंड की युवती बताकर फेसबुक पर उद्योगपति से पहले दोस्ती की जिसके बाद बातचीत कर भरोसा जीत लिया। ठग युवती ने उद्योगपति से पहले 40 हजार निवेश करवाए गए और 50 हजार लौटाकर भरोसा पक्का कर दिया। फिर मुनाफे का लालच देकर जाल में फंसाया लिया। और फिर छह महीनों में 50 से ज्यादा बार ऑनलाइन निवेश कराया।
ठगों की बताई वेबसाइट पर निवेश की रकम चार गुना बढ़ती दिखाई दी।
उद्योगपति ने रुपए निकालने चाहे तो ठग टैक्स मांगने लगे। जिससे ठगी का एहसास हुआ और उद्योगपति ने पुलिस से शिकायत की वही साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू दी है। दअरसल ग्वालियर के मुरार क्षेत्र काशीपुरा में रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग दुर्गा शंकर गत्ता कारोबारी हैं। उनका पैकिंग मटेरियल बनाने का बड़ा कारोबार है। 28 जून को फेसबुक पर उन्हें इंग्लैंड की युवती बताने वाली एक प्रोफाइल से मैसेज आया।

### सिंधु जल संधि पर भारत का कड़ा रुख, हेग कोर्ट का आदेश मानने से साफ इनकार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की चालबाजी पर भारत ने एक बार फिर करारा प्रहार किया है। भारत ने स्पष्ट शब्दों में 'कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन' के उस आदेश को मानने से इनकार कर दिया है, जिसमें भारतीय जलविद्युत संयंत्रों के परिचालन रिकॉर्ड मांगे गए थे। भारत ने दो टूक कहा है कि यह अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय अवैध रूप से गठित किया गया है, इसलिए भारत इसके अधिकार क्षेत्र और आदेशों को मान्यता नहीं देता। भारत के इस सख्त रवैये से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घेराबंदी करने की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है।हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय ने भारत को निर्देश दिया था कि वह 9 फरवरी 2026 तक अपने जलविद्युत संयंत्रों, विशेष रूप से बगलिहार और किशनगंगा परियोजनाओं की 'पोंडेज लॉगबुक' (परिचालन रिकॉर्ड) प्रस्तुत करे। अदालत ने कहा था कि इन दस्तावेजों का उपयोग 'गुण-दोष के आधार पर दूसरे चरण' की सुनवाई में किया जाएगा।

केन्द्रीय बजट पर मुख्यमंत्री की प्रेस ब्रीफिंग

# केन्द्रीय बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं के साथ अंतिम व्यक्ति की जरूरत का भी रखा पूरा ध्यान

## नए बजटीय प्रावधानों और इंसेंटिव्स का लाभ लेने के लिए राजस्थान पूरी तरह तैयार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्तीय अनुशासन और स्थायित्व के साथ आगे बढ़ रहा देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल से देश वित्तीय अनुशासन और स्थायित्व के साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को आत्मनिर्भर से विकसित, संभावनाओं से उपलब्धियों और संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की प्रतिबद्धता का भी पूरा ध्यान रखा गया है।
मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय बजट पर सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति केन्द्रित इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और सर्विस सेक्टर पर फोकस बढ़ाने वाले प्रावधान किए गए हैं, इससे युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक लाख एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल, 1 लाख 50 हजार केयर गिवर्स और टूरिस्ट गाइड्स को कौशल प्रशिक्षण से भी युवाओं को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एवीजीसीएक्सआर पॉलिसी पहले ही लागू की जा चुकी है। अब माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में कंटेट क्रियेटर लैब्स की स्थापना से राजस्थान के युवाओं को दोहरा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने, कृषि अवसंरचना एवं बाजार तक किसानों की पहुंच बढ़ाने और जोखिम घटाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

### छोटे उद्योगों के ग्लोबल बिजनेस हाउस बनने की राह होगी प्रशस्त







### हैवी मशीनरी निर्माण के लिए प्रदेश में निवेश का किया आह्वान

» शर्मा ने कहा यूरोप के साथ ऐतिहासिक समझौता होने के बाद इस बजट ने देश के छोटे-बड़े उद्योगों, मैन्युफैक्चरर्स, कारीगरों और कामगारों को वैश्विक बाजार में जगह बनाने के लिए नई दिशा दिखाई है। बायो फार्मा, केमिकल्स, टेक्सटाइल, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत का आ''ान किया कि कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर की हैवी मशीनरी के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बजट में लाई गई विशेष योजना का लाभ लेते हुए राजस्थान के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अपनी इकाइयां लगाएं। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश के निर्यातकों को नए खुल रहे बाजारों में निर्यात वृद्धि के अवसर भी मिलेंगे।

### राजस्थान के सोलर सेक्टर को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजस्थान की संभावनाओं और आवश्यकताओं को पूरा स्थान मिला है। अक्षय ऊर्जा के लिए 30 प्रतिशत ज्यादा करीब 32 हजार 914 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसी प्रकार पीएम सूर्यघर योजना को 22 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। सोलर ग्लास मैन्युफेक्चरिंग में प्रयोग आने वाले सोडियम एंटीमोनेट के आयात पर कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। बीईएसएस में उपयोग में आने वाले लीथियम आयन सेल बैटरी निर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत सामानों के लिए कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। राजस्थान सौर ऊर्जा में पहले से ही अग्रणी प्रदेश है, अब इन प्रावधानों से प्रदेश के सौर ऊर्जा क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

### सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर प्रावधानों से प्रदेश होगा लाभान्वित


श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में सेमीकंडक्टर नीति, एआईएमएल नीति और डेटा सेंटर नीति लागू की हैं। इसलिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, इलेक्ट्रोनिक कम्पोनेन्ट मेनुफेक्चरिंग स्कीम, डेटा सेंटर और क्लाउड सर्विसेज को दिए गए इंसेंटिव्स का फायदा लेते हुए सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर हब बनने के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि एसएमई विकास निधि और आत्मनिर्भर भारत टॉपअप छोटे उद्योगों के लिए बड़ी सौगात हैं। महात्मा गांधी स्वराज योजना और चैम्पियन एमएसएमई बनाने की पहल से राजस्थान के छोटे उद्योगों के ग्लोबल बिजनेस हाउस बनने की राह प्रशस्त होगी। मेगा टैक्सटाइल पार्क, टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम और देशभर में 200 इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स को फिर से मजबूत करने की घोषणा भी राजस्थान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में अवसंरचना विकास पर विशेष जोर देते हुए 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश के शहरी ढांचे को मजबूत करने के लिए अधिक राशि मिल सकेगी। इनविट बॉन्डस, आरईआईटी और म्युनिसिपल बॉन्डस से मिलने वाले आर्थिक संबल से प्रदेश के शहर बड़े पैमाने पर लाभान्वित होने जा रहे हैं। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पीएम मोदी का पंजाब दौरा :

# आदमपुर एयरपोर्ट का नाम अब श्री गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डा

जालंधर/लुधियाना/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (1 फरवरी, 2026) को पंजाब के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य के विमानन क्षेत्र और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाली कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री सबसे पहले जालंधर स्थित रविदासिया समाज के सबसे बड़े केंद्र डेरा सचखंड बल्लां पहुंचे और वहां नमन किया। आदमपुर एयरपोर्ट का नया नामकरण प्रधानमंत्री ने जालंधर के आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डा करने की आधिकारिक घोषणा की।
**धार्मिक महत्वः** यह नामकरण संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर किया गया है।
**जनता की मांगः** लंबे समय से श्रद्धालु और क्षेत्रवासी आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास जी के नाम पर रखने की मांग कर रहे थे।



### हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन

लुधियाना के पास स्थित हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (शहीद-ए-आजम सरदार करतार सिंह सराभा एयरपोर्ट) के नए टर्मिनल का प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।
**औद्योगिक लाभः** लुधियाना पंजाब का औद्योगिक केंद्र है। इस एयरपोर्ट के शुरू होने से उद्यमियों को अब चंडीगढ़ या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी।
**क्षमताः** करीब 54.67 करोड़ रुपये की लागत से बने इस टर्मिनल की सालाना क्षमता लगभग 2 लाख यात्रियों को संभालने की है।

### डेरा सचखंड बल्लां में पीएम की उपस्थिति

प्रधानमंत्री मोदी ने डेरा सचखंड बल्लां में संत निरंजन दास जी से मुलाकात की।
**सांस्कृतिक संदेशः** पीएम ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया और पंगत में बैठकर लंगर भी छका।
**पद्म श्री सम्मान :** हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा डेरा प्रमुख संत निरंजन दास जी को पद्म श्री से सम्मानित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की इस यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।
बजट और भविष्य की उड़ानेंहलवारा एयरपोर्ट से मार्च 2026 के पहले सप्ताह से नियमित उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है। यह एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधा संपर्क प्रदान करेगा, जिससे पूरे मालवा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### लोकसभा में चीन पर राहुल गांधी के दावे से हंगामा

#### राजनाथ सिंह ने कर दिया चैलेंज



नई दिल्ली/एजेंसी।

संसद के बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को लोकसभा में उस समय जोरदार हंगामा देखने को मिला, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच डोकलाम मुद्दे को लेकर तीखी बहस हो गई। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनके बयान की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए।
इसी चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या द्वारा कांग्रेस पर भारतीय संस्कृति को लेकर लगाए गए आरोपों को खारिज किया और कहा कि उनकी पार्टी इसका जवाब देगी। इसके बाद राहुल गांधी ने डोकलाम से जुड़े मुद्दे पर पूर्व थल सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे की एक किताब का हवाला देते हुए बोलना शुरू किया।
राहुल गांधी के इस बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तुरंत खड़े हो गए। उन्होंने सवाल किया कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, क्या वह वास्तव में प्रकाशित हुई है या नहीं? राजनाथ सिंह ने कहा कि किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, इसलिए उसके आधार पर बयान देना ठीक नहीं है। इस पर सदन में शोर-शराबा शुरू हो गया। स्पीकर ने राहुल गांधी से अपने स्रोत को प्रमाणित करने के लिए कहा। राहुल गांधी ने जवाब दिया कि यह किताब सरकार द्वारा प्रकाशित नहीं होने दी जा रही है, लेकिन यह 'सौ फीसदी ऑथेंटिकेटेड' है।
इस पर राजनाथ सिंह ने फिर कहा कि राहुल गांधी सदन को गुमराह कर रहे हैं, क्योंकि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ही नहीं है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने खुद ही विवाद खत्म कर दिया है, क्योंकि वह मान रहे हैं कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है। स्पीकर ओम बिरला ने सदन को याद दिलाया कि अखबार की कटिंग या अप्रकाशित किताबों पर चर्चा करने की परंपरा नहीं रही है और सदन की कार्यवाही नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार चलती है। उन्होंने राहुल गांधी से आगे बढने के लिए कहा।
राहुल गांधी ने कहा कि वह यह मुद्दा उठाना नहीं चाहते थे, लेकिन जब कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाए गए, तो उन्हें इसका जवाब देना पड़ा।

#### चुनाव आयोग व ममता सरकार में ठनी

### बंगाल की सीएम ने आयोग को भाजपा का भोपू करार दिया

नई दिल्ली/कोलकाता/एजेंसी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और चुनाव आयोग के बीच खाई आज तब और बढ़ गई जब आज दिल्ली पहुंची सीएम ने दिल्ली पुलिस पर एसआईआर के नाम पर बांग्ला बोलने वालों के साथ कथित उत्पीडऩ का आरोप लगाया। ऐसे में सीएम ममता बनर्जी अपने भतीजे व पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी व पार्टी 12 नेताओं के साथ शाम को मुख्य चुनाव आयोग के कार्यालय में पहुंची। वहीं थोड़े समय के बाद ममता बनर्जी चुनाव आयोग के ऑफिस से बाहर आकर बोलीं- अगर आपको एसआईआर करना ही था, तो आपको चुनाव वाले राज्यों को छोड×कर योजनाबद्ध तौर पर करना चाहिए था, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग की बैठक का बहिष्कार करते हुए दावा किया कि चुनाव आयोग ने बंगाल प्रतिनिधिमंडल का अपमान किया है।
मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग को ₹भाजपा का भोपू₹ करार दिया। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने उनपर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

संपादकीय

# कांग्रेस की समस्या

**'बचाओ' या 'वापस लाओ' जैसे नारे लोगों का ध्यान खींचने के लिहाज से हमेशा अपर्याप्त साबित हुए हैं। कांग्रेस की समस्या यह है कि हाल-फिलहाल में वह भविष्य का कोई सपना या लोक-लुभावन कार्यक्रम पेश करने में नाकाम रही है।**

मजदूर अधिकार के सवाल पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस की सही दिशा में पहल है, बशर्ते यह मुद्दा उसकी क्षणिक चिंता बन कर ना रह जाए। कामकाजी वर्ग की बढ़ती मुश्किलें और उसके घटते अधिकार आज असल मुद्दे हैं, जिनकी मुख्यधारा राजनीति में मजबूत वकालत की जरूरत है। मनरेगा खत्म कर उसकी जगह जी राम जी कानून लागू करने के नरेंद्र मोदी सरकार के फैसले के बाद कांग्रेस ने इस पर ध्यान दिया है। चूंकि मनरेगा को कांग्रेस नेतृत्व अपनी बड़ी उपलब्धि मानता था, इसलिए उस पर हुए प्रहार से वह भी विचलित हुआ। तब पार्टी ने 'मनरेगा बचाओ' आंदोलन शुरू करने का फैसला किया। अब पार्टी उसे मजदूर अधिकार के बड़े दायरे से जोडऩे का संकेत दे रही है। इस मसले पर पार्टी समग्र सोच विकसित कर सके और उसके आधार पर संगठन एवं संघर्ष की दीर्घकालिक योजना बनाए, तो उससे कांग्रेस को आज के दौर में एक खास पहचान मिल सकती है। मगर पार्टी नेतृत्व की मुश्किल यह है कि वह संयम के साथ किसी एक मुद्दे पर नहीं टिकता। और जो भी मुद्दा वह उठाता है, उसके पीछे मकसद अपनी पूर्व सरकारों के रिकॉर्ड को मोदी सरकार से बेहतर दिखाने तक सीमित रह जाता है। राफेल से लेकर ए–2 (यानी दो घरानों की मोनोपॉली) पर आक्रामक रुख अपनाने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी जातीय जनगणना एवं 1990 के दशक के मंडल–कालीन विमर्श में जा सिमटे। उसी क्रम में 'संविधान बचाओ' का झंडा उन्होंने उठाया। फिर 'वोट चोरी' उनका पसंदीदा मसला बना। अब मनरेगा की वापसी उनका प्रिय विषय बना है। जबकि समझने की बात यह है कि 'बचाओ' या 'वापस लाओ' जैसे नारे लोगों का ध्यान खींचने के लिहाज से हमेशा अपर्याप्त साबित हुए हैं। कांग्रेस की समस्या यह है कि हाल के दशकों में वह भविष्य का कोई सपना या लोक–लुभावन कार्यक्रम पेश करने में नाकाम रही है। ऐसे में आम जन को उसका एजेंडा नकारात्मक मालूम पड़ता है। पार्टी के मजदूर अधिकार सम्मेलन को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाएगा। सवाल यह है कि क्या यहां से कांग्रेस कोई सकारात्मक सोच देश के सामने रख पाएगी

## चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का

● हरिशंकर व्यास

नफरत और प्यार का रिश्ता बहुत सुना गया होगा लेकिन चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का है। चीन से नफरत भी है और उसकी जरुरत भी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी के चीन के राजदूत से मिलने की घटना को आसमान टूट पडऩे जैसी घटना माना था। उसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को देशद्रोही ठहराया गया। कांग्रेस पार्टी और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीसी के साथ एक एमओयू साइन हुआ था, जिसे लेकर भाजपा ने बड़ा नैरेटिव खड़ा किया। लेकिन अब खुद भाजपा नेता चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मिले हैं। भाजपा के विदेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय चौथाईवाला ने यह मुलाकात तय कराई और पार्टी मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह के साथ दूसरे नेता सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल से मिले। भाजपा के नेता यह कह कर फेस सेविंग कर रहे हैं कि चीन के डेलिगेशन से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन नहीं मिले या पार्टी के दोनों सर्वोच्च नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मुलाकात नहीं की, जबकि कांग्रेस में खुद राहुल गांधी मिले थे। लेकिन यह बचाव का तर्क नही हो सकता है। जैसे ही भाजपा नेताओं से सीपीसी डिलेगेशन के मिलने की तस्वीरें सामने आईं वैसे ही सन्नाटा खींच गया। सोशल मीडिया में भाजपा का पूरा इकोसिस्टम खामोश हो गया। इस बीच दो चार लोगों ने हिम्मत करके सवाल उठाया और दबी जुबान में कहा कि यह अच्छा नहीं हुआ। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद सीपीसी का डेलिगेशन आरएसएस कार्यालय में संघ के नंबर दो पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले से मिला। हालांकि उसकी फोटो नहीं जारी की गई। बाद में भारत की तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों से सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल के मिलने की खबर भी आई। अब सवाल है कि जिस समय चीन अरुणाचल प्रदेश में जन्मे भारतीय मूल के लोगों को अपने हवाईअड्डों पर रोक कर पासपोर्ट अवैध बता रहा है या अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाले यूट्यूबर्स को रोक कर प्रताड़ित कर रहा है, शक्सगाम घाटी में निर्माण कार्य कर रहा है और उसे चीन का हिस्सा बता रहा है उसके प्रतिनिधिमंडल के साथ भाजपा की दोस्ती दिखाने का क्या मतलब है? सरकारी स्तर पर दोनों देशों के बीच संबंध सुधर गए हैं। मोदी और शाह ने व्यापार की खातिर गलवान घाटी में शहीद हुए 20 जवानों का घाव भुला दिए है। प्रधानमंत्री मोदी की बहुपक्षीय मंचों पर शी जिनपिंग से मुलाकात हुई है तो भारत के रक्षा और विदेश मंत्री दोनों ने चीन का दौरा किया है। लेकिन पार्टी टू पार्टी यानी भाजपा और सीपीसी के नेताओं की मुलाकात या संघ और सीपीसी की मुलाकात का क्या मतलब है?

# जी राम जी अधिनियम और लचीली एवं सतत आजीविकाओं की दिशा में भारत की यात्रा

**डॉ. विभा धवन**



पिछले लगभग दो दशकों से ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना का केंद्रीय स्तंभ रहे हैं। वर्ष 2005 में अधिनियमित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) ने ग्रामीण परिवारों को आय सुरक्षा प्रदान की है, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार किया है तथा आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन में योगदान दिया है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारत तीव्र आर्थिक, प्रौद्योगिक और पर्यावरणीय परिवर्तनों से गुजर रहा है, उभरती चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से उत्तर देने के लिए इस ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने की तात्कालिक आवश्यकता है।

विकसित भारत-रोज×गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 इस क्रमिक विकास को प्रतिबिंबित करता है। ग्रामीण रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार के माध्यम से यह अधिनियम इस तथ्य को मान्यता देता है कि सतत ग्रामीण समृद्धि केवल रोजगार सृजन पर ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलेपन तथा आजीविकाओं के संरक्षण पर भी आधारित होनी चाहिए। यह समेकित दृष्टिकोण ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जब ग्रामीण समुदाय जलवायु परिवर्तनशीलता, चरम मौसमीय घटनाओं और संसाधन दबाव के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का सामना कर रहे हैं।

**जी राम जी अधिनियम क्यों विशिष्ट है**

जी राम जी अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मजदूरी आधारित रोजगार को चार प्राथमिक क्षेत्रों के साथ संरेखित करने पर विशेष बल दिया गया है–जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना तथा चरम मौसमीय घटनाओं के शमन से जुड़े कार्य। यह ग्रामीण रोजगार नीति के पर्यावरणीय और लचीलापन संबंधी आयामों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल से संबंधित कार्य, मृदा एवं भूमि संरक्षण, जल निकासी प्रणालियाँ तथा जलवायु-अनुकूल अवसंरचना कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ बाढ़, सूखा और भूमि क्षरण के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब ऐसी परिसंपत्तियां प्रभावी ढंग से नियोजित तथा कार्यान्वित की जाती हैं, तो वे कई लाभ उत्पन्न करती हैं–अल्पकालिक रोजगार सृजन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन तथा दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा। इन क्षेत्रों पर अधिनियम का विशेष बल इस तथ्य को रेखांकित करता है कि रोजगार कार्यक्रम एक साथ सामाजिक संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के प्रभावी साधन के रूप में कार्य कर सकते हैं।

**स्थानीय स्तर पर लचीलापन**

अधिनियम की नियोजन पारिस्थितिकी–जिसका केंद्र विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ हैं तथा जिसमें परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के अंतर्गत एकीकृत किया गया है–ग्रामीण विकास के लिए एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान करती है। विकेन्द्रीकृत नियोजन के माध्यम से पंचायतों को स्थानीय प्राथमिकताओं की पहचान करने का अवसर मिलता है, जबकि राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ एकीकरण व्यापक अवसंरचना एवं विकास उद्देश्यों के साथ समन्वय सुनिश्चित करता है।

कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से यह ढांचा रोजगार गारंटी के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, स्थायित्व और प्रासंगिकता में सुधार का अवसर प्रदान करता है। पर्याप्त तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से पंचायती राज संस्थान यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि सार्वजनिक कार्य, संसाधन संरक्षण तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सार्थक योगदान दें। अधिनियम के अंतर्गत परिकल्पित पारदर्शिता तंत्र, डिजिटल निगरानी उपकरण और सामाजिक अंकेक्षण जवाबदेही को और सुदृढ़ करते हैं तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं।

**सामाजिक संरक्षण और लचीलेपन पर ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी)**

सतत विकास के प्रति वचनबद्ध एक शोध संस्थान के रूप में, टेरी ने यह समझने के लिए व्यापक रूप से कार्य किया है कि ग्रामीण समुदायों में लचीलापन विकसित करने के लिए सामाजिक संरक्षण तंत्रों को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा सकता है। हमारे शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि जब रोजगार कार्यक्रमों को पर्यावरणीय योजना और जोखिम-सूचित रूपरेखा के साथ जोड़ा जाता है, तो वे घरेलू तथा सामुदायिक– दोनों स्तरों पर अनुकूलन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकते हैं।

टेरी ने जलवायु लचीलापन, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन तथा आजीविका की निरन्तरता को सम्मिलित करने हेतु नीतिगत ढांचों के पुनरोद्धार और सुदृढ़ीकरण से संबंधित सरकारी प्रक्रियाओं में विश्लेषणात्मक योगदान प्रदान किया है। इसमें कार्यक्रम अभिकल्पना में लचीलापन संबंधी पहलुओं के एकीकरण को समर्थन देना तथा रोजगार सृजन के साथ-साथ दीर्घकालिक पर्यावरणीय और सामाजिक परिणामों को प्रतिबिंबित करने वाले संकेतकों की पहचान करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, टेरी ने ऐसे वित्तीय मॉडल और नियोजन दृष्टिकोणों का अध्ययन किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश को अधिकतम करने में मदद कर सकते हैं – सामुदायिक परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करना, दीर्घकालिक संवेदनशीलता को कम करना, और संसाधनों के उपयोग की दक्षता बढ़ाना। इस प्रकार के शोध-आधारित योगदान का उद्देश्य सरकारी पहलों का पूरक होना और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करना होता है।

**आजीविकाओं का संरक्षण**

जी राम जी अधिनियम का दृष्टिकोण ग्रामीण आजीविकाओं को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को प्रमुखता देता है। जल सुरक्षा, कनेक्टिविटी, भंडारण और जलवायु-सहनशील अवसंरचना में निवेश प्रत्यक्ष रूप से कृषि, सहायक गतिविधियों और गैर-कृषि आजीविकाओं का समर्थन करता है। साथ ही, अधिनियम में शामिल प्रावधान, जैसे कि प्रमुख कृषि सीजन् के दौरान सार्वजनिक कार्यों में राज्य-निर्धारित विराम, यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि रोजगार सृजन कृषि गतिविधियों के पूरक के रूप में बना रहे।

एक कानूनी रोजगार गारंटी की निरंतरता, साथ ही जहाँ कार्य प्रदान नहीं किया जाता वहां बेरोजगारी भत्ता देने के प्रावधान, अधिनियम के सामाजिक संरक्षण उद्देश्यों को और मजबूत करते हैं। पूर्वानुमेय नियोजन और वित्तपोषण के साथ, प्रशासनिक क्षमता के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से, कार्यक्रम की प्रभावशीलता और प्रतिक्रिया देने की क्षमता को और बढ़ाया जा सकता है।

**'विकसित भारत 2047' की ओर**

जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विजन् की ओर बढ़ रहा है, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम समावेशी विकास प्रदान करने में एक बड़ी रणनीतिक भूमिका निभाएंगे। उनकी सफलता का मूल्यांकन केवल सृजित कार्यदिवसों की संख्या से नहीं, बल्कि लचीली आजीविकाओं, स्थायी अवसंरचना और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनके योगदान से किया जाएगा।

इस संदर्भ में, विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचा प्रस्तुत करता है। पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को सम्मिलित करके, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर और विकेन्द्रीकृत नियोजन को मजबूत करके यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को सतत विकास की आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। सरकार, शोध संस्थानों, राज्यों और स्थानीय समुदायों के बीच निरंतर सहयोग के माध्यम से यह सुधार यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि ग्रामीण रोजगार वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य हेतु लचीलेपन में भी सार्थक योगदान दे–आज आजीविकाओं का समर्थन करते हुए कल की समृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों की रक्षा करना।

**(लेखिका: महानिदेशक, ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी))**

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगा। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे, तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।
शुभ रंग- भूरा, शुभ अंक- 7

### वृष राशि :

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि लायेगा। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, तो सब सही रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा।
शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 2

### मिथुन :

राशि आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में आपका विश्वास बढ़ेगा।
शुभ रंग- सफेद, शुभ अंक- 9

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आज आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण परिवारजन प्रसन्न रहेंगे। अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है।
शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 3

### सिंह राशि :

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन और घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड×कर समय नष्ट ना करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आपके ऊपर कार्यों का अत्यधिक भार रहेगा।
शुभ रंग- मैजेंटा, शुभ अंक- 7

### कन्या राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज आपको अपनों की सलाह बहुत काम आएगी। आप सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी के प्रलोभन में ना आएं, नहीं तो वह आपका फायदा उठा सकता है।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 5

### तुला राशि :

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। पहले का रुका पैसा आज मिल जाएगा। आत्मचिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज किसी की मध्यस्थता से हल होगा। आपका यदि भूमि व वाहन से संबंधित मामला कोर्ट में चल रहा है, तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
शुभ रंग- गुलाबी, शुभ अंक- 4

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से यदि निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा। समाज में आप अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे। आपके बढ़ते खर्च आपको थोडा परेशान कर सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।
शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 8

### धनु राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें, मेहनत जरी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है। आप वरिष्ठ सदस्यों का आदर व सम्मान करेंगे।
शुभ रंग- गोल्डन, शुभ अंक- 9

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीद करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे।
शुभ रंग- काला, शुभ अंक- 4

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को लेकर कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। नौकरीपेशा लोग कार्यभार कम होने से राहत की सांस लेंगे। विद्यार्थियों को इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता हाथ लगेगी।
शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 2

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढऩे का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग ईर्ष्या के कारण आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं। व्यवसाय की योजना शुरू करने का सही समय है।
शुभ रंग- नारंगी, शुभ अंक- 8

## शब्द सामर्थ्य - 304

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | | | | 11 | |
| | | 12 | 13 | | 14 | | | |
| 15 | 16 | | | | | | | 17 |
| | | 18 | | 19 | | | | |
| 20 | | | | 21 | | | | |
| 22 | | | | | | 23 | | |
| 24 | | | | 25 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 303 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र.304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.303 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी केन्द्रीय बजट के सम्बन्ध में जानकारी

# विकसित भारत-2047 के लिए दिशा देने वाला है बजट : उपमुख्यमंत्री

### आम नागरिकों की उम्मीदें होंगी पूरी





चमकता राजस्थान

**अजमेर।** केन्द्रीय बजट के सम्बन्ध में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मीडियाकर्मियों को जानकारी दी गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट देश को विकसित भारत की दिशा में मजबूती से आगे ले जाने वाला बजट है। पहली बार कर्तव्य भवन में निर्मित माननीय केन्द्रीय वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत यह बजट तीन कर्तव्यों पर आधारित है। इसमें आर्थिक स्थिरता समावेशी विकास, भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ सबका साथ-सबका विकास को बल दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि ज्ञान (जीवाईएएन) यानी जी-गरीब, वाई-युवा, ए-अन्नदाता, एन-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार समर्पित है। बजट के आधार तीन कर्तव्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि, आम नागरिकों की उम्मीदों को पूरा करना तथा सबका साथ-सबका विकास है।

उन्होंने बताया कि सतत आर्थिक वृद्धि के लिए इस बजट की सबसे बडी विशेषता इनफ्रास्ट्रक्चर पर भारी निवेश है। इसके अंतर्गत प्रोडक्शन और मेन्यूफेक्चर सेक्टर को बढ़ावा देना है। इण्डिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 रेयर अर्थ कॉरीडोर, केमिकल पार्क केपीटल गुड्स प्रोडक्शन को बढ़ावा दिया गया है। इलेक्ट्रोनिक्स कम्पोनेट्स योजना का विस्तार 40 हजार करोड की लागत से किया गया है। दस हजार करोड से बायो फॉर्मा शक्ति योजना बनाई गई हैं। चैम्पियन एमएसएमई को बनाने की एक नई पहल से मध्यम एंव लघु उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसी सेक्टर के ग्रोथ के लिए 10 हजार करोड का एसएमई ग्रोथ फन्ड का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा बजट में 12.2 लाख करोड का पब्लिक केपीटल एक्सपेन्डिचर फन्ड प्रस्तावित किया गया है जो अब तक का सबसे अधिक हैं। इसके साथ ही कुल मिलाकर प्रभावी केपेक्स 17.1 लाख करोड, यानी देश की जीडीपी का 4.4 प्रतिशत तय किया गया है। इससे सड़के, रेलवे, लोजिस्टिक इन्डस्ट्रीयल एरिया, शहरी ढांचा और कनेक्टीविटी पर बड़े स्तर पर काम होगा । इन्फ्रॉस्ट्रक्चर वृद्धि से रोजगार पैदा होंगे, निवेश में वृद्धि होगी जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

उन्होंने बताया कि बजट में घोषित नए फ्राइट कॉरीडोर, 20 नए जलमार्ग, कॉस्टल कार्गो योजना, सात हाई स्पीड रेलवे कॉरीडोर, 20 हजार करोड का सीसीयूएस निवेश, सिटी इकोनोमिक रिजन्स का विकास, टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में कॉपोरेट मित्रों की नियुक्ति सरकार के प्रथम कर्तव्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि को दर्शाता हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार लगातार आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन आदि सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इस बजट में एक लाख एलाईड हेल्थ प्रोफेशनल्स, डेढ लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षण और पांच मेडिकल हब बनाने तथा कैंसर की 17 आवश्यक दवाओं में कस्टम ड्यूटी में छूट की घोषणा कर सरकार ने आमजन को अच्छी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने की ओर कदम बढ़ाया है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को अच्छी सुविधाएं देने के लिए पांच यूनिवर्सिटी टॉउनशिप तथा हर जिले में बालिका छात्रावास के निर्माण की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है। विश्व के सबसे युवा देश भारत के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं देने को प्रतिबद्ध मोदी सरकार के द्वारा अगले 10 वर्षों के लिए खेलो इंडिया मिशन की घोषणा इस बजट में की गई है।

उन्होंने बताया कि इस बजट में पर्यटन क्षेत्र, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का माध्यम बनाया गया हैं। नेशन्ल इन्स्टीटूट ऑफ हॉस्पिटीलिटी की स्थापना, 20 विशेष पर्यटन स्थलों की स्थापना, खगोल विज्ञान को बढ़ावा तथा 10 हजार गाइडों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और विरासत महत्व वाले सभी स्थानों के डिजीटल डॉक्यूमेन्ट्स तैयार करने के लिए नेशनल डेस्टीनेशन डिजीटल नोलेज ग्रिड की स्थापना की जाएगी। विरासत और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत के 15 पुरातात्विक स्थलों को सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पूर्वोतर के पांच पर्यटन स्थलों का विकास तथा बौद्ध सर्किट की स्थापना की जाएगी। इफ्रास्ट्रक्चर आधारित ट्यूरिजम सेक्टर का विकास, पर्यटन स्थलों पर कनेक्टिविटी और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस बजट में पर्यटन को केवल मनोरंजन नहीं बल्कि पर्यटन क्षेत्रों के विकास का मजबूत आधार बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नारे सबका साथ-सबका विकास को आधार मानते हुए इस बजट में सभी वर्गों जैसे महिला, किसान, युवा, गरीब आदि के उत्थान का ध्यान रखा गया है। भारत के अन्नदाता किसान भाईयों की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए इस बजट में अत्यन्त सकारात्मक कदम उठाए गए है। भारत विस्तार नामक एआई टूल्स के माध्यम से कृषि प्रणालियों को तकनीक से जोडा जाएगा। उच्च मूल्य वाली खेती को बढ़ावा देने के लिए नारियल, चंदन, कोको, काजू जैसी फसलों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय फाइबर योजना की शुरूआत कृषि क्षेत्र में रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर में भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में ठोस कदम है। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज्य इनिशियटिव का प्रस्ताव दिया गया। इससे ग्रामीण युवाओं, बुनकरों, कुटीर खादी उद्योगों को फायदा होगा।

उन्होंने बताया कि बजट 2026-27 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था किसान समृद्धि को मजबूती देने के लिए पशु पालन के क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। इस दिशा में एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाते हुए पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना का प्रावधान किया गया है। पांच सौ जलाशयों और अमृत सरोवरों को एक कर मछली पालन के क्षेत्र को सशक्त बनाने का निर्णय ऐतिहासिक हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार की पहचान रिफार्म, परफार्म और ट्रासंफार्म है। हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत केवल सुधारों की चर्चा नहीं करता बल्कि रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार होकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस रिफार्म एक्सप्रेस का सबसे मजबूत इंजन हमारी नारी शक्ति हैं। इस बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए जो रोडमैप प्रस्तुत किया गया है वह महिलाओं की आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उनकी भूमिका को विस्तार देता है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए डेढ लाख केयरगिवर्स और एक लाख एएचपी को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्थान के लिए (सेल्फ हेल्प इटंरप्रेन्योर) शीमार्ट को अब कम्यूनिटी स्वामित्व वाली खुदरा दुकानों के रूप में स्थापित किया जाएगा। एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के लिए 10 हजार करोड के एसएमई ग्रोथ फण्ड की स्थापना की गई है। यह महिला उद्यामियों को इक्यूविटी सपोर्ट प्रदान करेगा। साथ ही लखपति दीदी योजना का भी विस्तार किया गया है। बजट में महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में कई पहल की गई है। इससे वे सुरक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत हो पाएंगी।

उन्होंने बताया कि इसी के साथ सभी वर्गों के विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित की गई है। दिव्यांग कौशल योजना, सहायक उपकरण योजना, मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उत्तर भारत में निमहन्स-2 की स्थापना, 3 आयुर्वेदिक एम्स का निर्माण, ईस्ट कोस्ट इन्ड्सट्रीयल कोरिडॉर की स्थापना, इनकम टैक्स स्लेब में स्थिरता, समुद्री उत्पादों पर शुल्क मुक्त आयात की सीमा एक से बढ़ाकर तीन प्रतिशत की गई, व्यापार को सरल बनाने के लिए टीयर 2 और टीयर 3 के अधिकृत आर्थिक ऑपरेटरों के लिए शुल्क स्थगन अवधि को 15 से बढ़ाकर 30 दिन किया गया हैं। ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। आईटी डाटा सेन्टर एवं विदेशी निवेश को प्रोत्साहन दिया गया है। इससे कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किये जा सके।


उन्होंने बताया कि भारत की सैन्य शक्ति को मजबूती प्रदान करने एवं आधुनिकीकरण करने हेतु रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वत्तीय मोर्चे पर भी यह बजट संतुलित है। सरकार ने वित्तीय घाटे को जीडीपी 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखते हुए यह संदेश दिया है कि विकास के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन भी जरूरी हैं। टैक्स सिस्टम को सरल बनाने ईज ऑफ डूईंग बिजनस को बढाने, निर्यात को प्रोत्साहित करने और ईमानदार करदाताओं को राहत देने के कई कदम बजट में शामिल किए गए है। इससे आम आदमी और करोबार दोनों को फायदा होगा। केन्द्र राज्य की साझेदारी को नई दिशा देने वाले एक प्रगतिशील, दूरगामी और प्रभावशाली बजट के लिए प्रधानमंत्री जी और केन्द्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि बजट से राजस्थान प्रदेश को भी अभूतपूर्व लाभ होगा। बढ़ा हुआ केपीटल एक्सपेंडीचर सडक, शहरी विकास, लोजिस्टिक और इन्डस्ट्रीयल ढांचे को मजबूती देगा। दिल्ली-मुम्बई इन्डस्ट्रीयल कॉरीडोर से जुडे ईलाकों को विशेष लाभ होगा। एमएसएमई से जुडी योजनाओं का सीधा लाभ राजस्थान के हेन्डीक्राफ्ट, टेक्सटाईल, मॉबर्ल, स्टोन, फूड प्रोसेसिंग और एग्रो बेस्ड इंडस्ट्रीज को मिलेगा। पर्यटन, कौशल विकास और रिन्यूबल एनर्जी पर बजट का फोकस राजस्थान की हेरिटेज अर्थव्यवस्था, युवाओं के रोजगार और सौर ऊर्जा में अग्रणी भूमिका को और मजबूत करेगा। यह बजट राजस्थान को देश की विकास यात्रा में विकसित भारत-2047 की आकांक्षा को पूरा किये जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, महामंत्री श्रीमती सरिता गेना, अध्यक्ष श्री जीतमल प्रजापत एवं श्री रमेश सोनी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविन्द शर्मा गिरधर, श्री रचित कच्छावा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुश्री ज्योति ककवानी एवं श्री नरेन्द्र कुमार मीणा सहित अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बजट 2026 ; विकास, विश्वास और भविष्य की नींव : प्रकाश पिरगल



**चमकता राजस्थान/बेंगलूरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश की आर्थिक प्रगति को नई गति देता है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत, रोजगार सृजन और समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष ज़ोर दिया गया है। सड़क, रेल, शहरी परिवहन और लॉजिस्टिक्स के सशक्तिकरण से निवेश बढ़ेगा और उद्योगों को गति मिलेगी। इन कथनों के साथ भारत सरकार में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली के सदस्य प्रकाश पिरगल ने अपने प्रेस बयान में बजट प्रतिक्रिया में कहा कि एमएसएमई, स्टार्टअप एवं व्यापारियों के लिए ऋण सुविधा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यापार सुगमता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे छोटे व मध्यम व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए किसान आय वृद्धि, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया है। साथ ही महिलाओं और युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। बकौल पिरगल स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं को मानव संसाधन विकास की आधारशिला मानते हुए गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं के विस्तार पर बल दिया गया है।कुल मिलाकर, बजट 2026 विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण की स्पष्ट दिशा तय करता है।

### बिहार इंटर परीक्षा के पहले दिन लखीसराय रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़



**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** लखीसराय जिला मे वार्षिक इंटर परीक्षा मे हजारों की संख्या मे परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी` पुलिस-प्रशासन भी सभी परीक्षा केंद्रो के आस पास एवं मुख्य चौक चौराहे पर तैनात दिखे ताकि छात्र छात्राएं समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच सके` जाम के कारण किसी का भी परीक्षा छूटे नही इसका ध्यान रखा गया` बच्चों के साथ बड़ी संख्या मे उनके अभिभावक भी परीक्षा केंद्र पर दिखे` सुबह से ही लखीसराय एवं किउल रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों से छात्र छात्राओ का आना जाना जारी रहा ।

## आमेर जैसे टूरिस्ट प्लेस की ठाठर नगर निगम कॉलोनी में एक महीने से बहता सीवरेज का गन्दा पानी कोई सुनने वाला नहीं जनता की पुकार

चमकता राजस्थान



**तारिक खतीब / रामगढ़ मोड।** जयपुर के सबसे प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस आमेर जहा विदशों से सैलानी हज़ारो की संख्या में जयपुर की खूबसूरती देखने के लिए आते है वही दूसरी तरफ की नगर निगम की ठाठर कालोनी में पिछले एक महीने से सीवरेज का गन्दा पानी सड़क और आस पास के घरो में जा रहा है जिससे गंदे मखहि मच्छर हो रहे है कॉलोनी में जिस से बीमारी का खतरा बढ़ रहा हैऔर बच्चे बीमार भी हो रहे है लेकिन जनता की कोई पुकार सुनने वाला नहीं है कितनी बार कॉलोनी वालो ने कंप्लेंट करी लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है जनता इतनी परेशान हो रही है जिसका कोई निवारण नहीं है लोग अपने घरो के सामने सीवरेज का गन्दा पानी देखते है सुबह शाम किसी अधिकारी को कोई परवाह नहीं है जो इस कॉलोनी मैं आकर इस समस्या का निवारण कर सके बच्चो मैं बीमारी का खतरा बढ़ता ही जा रहा है बच्चो के पैट मैं दर्द , उल्टी, दस्त की समस्या आम हो रही है पर कोई भी अधिकारी नगर निगम का इस जगह आना नहीं चाहता हमारे मीडिया प्रभारी तारिक ×खतीब ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनता की इस परेशानी से पूरी कॉलोनी में गन्दी बदबू , गन्दा पानी घरो के सामने और घर के अंदर जमा हो रहा है जिससे कई तरह की बीमारी और काफी समस्या का सामना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। शायद इस समाचार की सहायता से कॉलोनी वालो को थोड़ा लाभ मिल जय या उनकी समस्या का समाधान हो पाए।

## प्रधानाचार्य का सेवानिवृत्त समारोह सम्पन्न

चमकता राजस्थान

**डग-2फरवरी(कुन्दन व्यास)** । स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल,डग के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कैलाश योगी का सेवानिवृत्ति के अवसर पर भव्य समारोह भेरू महाराज मंदिर पर आयोजित किया गया।इस अवसर पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मीणा, मथुरा लाल वर्मा,पूर्व प्रधान रघुराज सिंह परिहार, पूर्व विधायक मदन लाल वर्मा, प्रबोधक संघ जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह,पंचायती राज ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सवाईमाधोपुर जिला कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष रूप सिंह मीणा,राष्ट्रीय शिक्षक संघ अध्यक्ष दरबार सिंह उपस्थित रहे।वक्ताओं ने योगी 40 वर्षों के कार्यकाल में मिलनसार,कार्य के प्रति निष्ठा की प्रशंसा की।योगी नेअपने उद्बोधन में बताया यदी जीवन में सफलतम व्यक्ति बनना है तो अपने कार्य के प्रति निष्ठावान बने।मंच का संचालन राकेश कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टाफ के साथी, गणमान्य व्यक्ति,परिवार के सदस्य, रिश्तेदार उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री कुमावत ने 2.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/पाली।** पशुपालन, एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को सुमेरपुर क्षेत्र के प्रवास के दौरान एक साथ तीन विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय गुडा एंदला में आयोजित समारोह के दौरान दो करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन व 8 लाख रुपए की लागत से अटल ज्ञान केंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही कुमावत ने जूनी एंदला में विधायक कोष से स्वीकृत राशि दस लाख रुपए की लागत से नए पटवार भवन के निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि उन्होंने कहा, विकास हमारी सरकार का संकल्प है। सरकार का उद्देश्य हर वर्ग के विकास के लिए काम करना है। कुमावत ने कहा कि इन विकास कार्यों से स्थानीय निवासियों को बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से विकास को आगे बढ़ाना है, ताकि हर नागरिक को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्य इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कैबिनेट मंत्री कुमावत का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रामनाम गौशाला, रामपुरा की ढाणी के धनराज गिरी, सरपंच मोहन पटेल हेमावास, यशवंत सेन, उम्मेद सिंह डेंडा, भूराराम घांची, कूपाराम सिरवी, प्रशासक मिनाक्षी मीणा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, एक्सईएन सत्यनारायण सेन, जितेंद्र अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में थिरके बालिकाओं के कदम

चमकता राजस्थान



**जुगलकिशोर बावल/पाली।** श्रीमती चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पैकेज कोलोनी पाली में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य राधेश्याम सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईओ देवाराम चौधरी, विशिष्ट अतिथि उर्मिला जैन,दीपक जैन थे तथा अध्यक्षता विद्यालय की एस एम सी अध्यक्ष रेखा प्रजापत ने की। अतिथियों का बहुमान, माला,साफा,शाल एवं उपरने द्वारा विद्यालय स्टाफ पंकज शर्मा, हेमंत शर्मा, महेन्द्र, कृष्णा शर्मा,राजकुमारी जैन,मनीषा बोराणा,अनुराधा राजपुरोहित ने किया। उर्मिला जैन ने बारहवीं की विदाई ले रही छात्राओं को पानी की बोतल , रजिस्टर एवं बालिया स्कूल के वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक नरेशचंद्र बोहरा ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पेन तथा समाजसेवी दीपक जैन ने विद्यालय को कार्यक्रम हेतु ,पर्दे भेंट किए।एसीबीईओ देवा राम चौधरी ने छात्राओं को परीक्षा में शांत चित्त से पेपर हल कर अधिक अंक प्राप्ति के तरीके बताए। छात्राध्यापिका सोनाली,अर्चना,वंशिका ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति में सहयोग किया,इनका बहुमान पानी की बोतल भेंट कर किया गया। अतिथियों ने विभिन्न वर्गों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह दे बहुमान किया।समस्त विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था विद्यालय स्टाफ ने की। बैठक व्यवस्था मैना देवी,कमला बाई ने तथा मंच संचालन हेमंत दवे एवं कृष्णा शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया जिसमें बारहवीं की निशा प्रथम रही।

## संक्षिप्त समाचार

### चौमहला में 136 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें, खिले चेहरे



**चमकता राजस्थान/धरम सिंह/झालावाड़।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला में सोमवार को कक्षा 9वीं की 136 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशासक प्रतिनिधि अशोक भंडारी, जगदीश भावसार, आदित्य कटारिया एवं वासुदेव विश्वकर्मा उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राएं आत्मनिर्भर बनेंगी, समय की बचत होगी तथा विद्यालय में उनकी उपस्थिति में भी सुधार आएगा। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम और लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा दी। पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश भावसार ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना छात्राओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलमणि शर्मा ने अतिथियों को विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

### बाड़ी में 4 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन, कलश यात्रा व सांस्कृतिक आयोजनों की रहेगी धूम

**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** नगर की ध्रुव बस्ती की समस्त हिंदू समाज के तत्वावधान में 4 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन बी.एस. गार्डन, बसेड़ी रोड, बाड़ी में किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह पोसवाल एवं सचिव मोहन मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विराट सम्मेलन के मुख्य अतिथि संत रामप्रिय दास जी महाराज होंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अशोक सक्सेना, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देना है। सम्मेलन से पूर्व प्रातः 11 बजे भव्य कलश एवं रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा दाऊजी मंदिर, कचहरी के सामने से प्रारंभ होकर किला, सर्राफा बाजार, सीताराम बाजार और अग्रवाल धर्मशाला होते हुए बी.एस. गार्डन पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं सनातन धर्म प्रेमी नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। कलश यात्रा के सम्मेलन स्थल पर पहुंचने के बाद दोपहर 1 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से हिंदू उद्भव की गाथा का प्रदर्शन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे वीर माता सम्मान एवं सामूहिक परिवार सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके पश्चात बालिकाओं द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 5 बजे सम्मेलन का विधिवत समापन होगा। आयोजन समिति ने समस्त समाजजनों एवं सनातन धर्म प्रेमी माता-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

### बजट निश्चित रूप से एक दूरदर्शी और विकासोन्मुखी दस्तावेज़ है

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट निश्चित रूप से एक दूरदर्शी और विकासोन्मुखी दस्तावेज़ है। हमारा मानना है कि यह बजट न केवल आर्थिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और रोजगार सृजन को भी नई गति देगा। विशेष रूप से– मध्यम वर्ग को राहत, उद्योग और स्टार्टअप सेक्टर को प्रोत्साहन, कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सुदृढ़ प्रावधान, और न्यायिक सुधारों व डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा जैसे कदम एक मजबूत और आधुनिक भारत की नींव को और सुदृढ़ करते हैं। यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को संबोधित करता है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए देश को प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाने का संकल्प भी दिखाता है।



### गंगधार में विदाई समारोहः 12वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

● विद्यालय में मनाया गया प्रेरणा दिवस



**चमकता राजस्थान/गंगधार ।** क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में कक्षा 12 की छात्राओ का विदाई दिवस मनाया गया। विदाई समारोह को कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा संचालन किया गया। इस संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य लालचंद सोनी ने विदाई समारोह को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने की बात कही और सभी छात्राओ से वचन लिया कि जीवन में कुछ बनकर विद्यालय के भामाशाह के रूप में विद्यालय के भौतिक विकास में सहयोग करेंगे। 11 वीं की बालिकाओ ने 12वीं की सभी छात्राओं को एक-एक पेन, रुमाल एवं पानी की बोतल उपहार स्वरूप दी गईं। सभी शिक्षकों ने शुभकामनायें देकर परीक्षा उपयोगी टिप्स समझाएं और जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य बनाकर उसकी पूर्ति के उद्देश्य को समझाया गया। 11वीं की बालिकाओं द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 12वीं की छात्राओं ने भी विद्यालय में बताए गए अपने जीवन के पलों को मंच पर आकर साझा किया तथा विद्यालय को एक म्यूजिक सिस्टम भेंट किया। साथ ही विद्यालय के व्याख्याता जयपाल सिंह जिनका स्थानांतरण हो चुका था उनका भी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसी दिन नए व्याख्याता रूप चंद मीणा को भी कार्य ग्रहण करवा कर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राए रोने लगी तो स्टाफ ने उन्हें दिलासा दी। विद्यालय स्टाफ हिना खानम, रामेश्वर गुर्जर, पूजा देवी,प्रकाश चंद मेघवाल, मोहनलाल वर्मा, वर्षा वर्मा,अर्चना दीया, मुकेशी बाई मीणा,राहुल मेहर,कपिल कुमार, हरिशंकर बैरवा उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय बजट को लेकर उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

चमकता राजस्थान



**धरम सिंह/झालावाड़।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने सोमवार को सर्किट हाउस, झालावाड़ में केन्द्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट ऐतिहासिक है और इसमें देश की नारीशक्ति का सशक्त प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह बजट वर्तमान की आकांक्षाओं को साकार करने के साथ-साथ भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि यह बजट 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' को नई गति और ऊर्जा देता है। ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस और 'मन सेंट्रिक इकोनॉमी के विजन को साकार करते हुए इसमें फिस्कल डेफिसिट को कम करने, महंगाई नियंत्रण तथा हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में भारत की वैश्विक भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के प्रयास किए गए हैं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। हालिया ट्रेड डील्स का अधिकतम लाभ युवाओं और एमएसएमई सेक्टर को मिले, इसके लिए बजट में बड़े कदम उठाए गए हैं।

डॉ. बैरवा ने बताया कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को नई रफ्तार देने के लिए बायोफार्मा शक्ति मिशन, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनरल्स, टेक्सटाइल सेक्टर और हाई-टेक टूल मैन्युफैक्चरिंग जैसी योजनाएं दूरदर्शी सोच का परिचायक हैं। एमएसएमई सेक्टर को मिला समर्थन उन्हें लोकल से ग्लोबल बनने की शक्ति देगा।

उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास तथा म्युनिसिपल बॉन्ड्स को बढ़ावा जैसे कदम विकसित भारत की यात्रा को तेज करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने इसे ''युवा शक्ति बजट'' बताते हुए कहा कि मेडिकल हब्स, एलाइड हेल्थ, ऑरेंज इकोनॉमी (ऑडियो-विजुअल्स व गेमिंग), पर्यटन, खेलो इंडिया और डेटा सेंटर हब के लिए टैक्स छूट जैसे प्रावधान युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खोलेंगे।

# अखिल भारतीय मांग दिवस पर विरोध प्रदर्शन एवं हुंकार रैली

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** एआईआरएफ के आव्हान पर रेल कर्मचारियों एवं पेंशनर की विभिन्न जायज मांगो को लेकर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा द्वारा आज 2 फरवरी को अखिल भारतीय मांग दिवस के रूप में प्रदर्शन कर मनाया।

इस अवसर पर जन सैलाब को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने अखिल भारतीय मांग दिवस के तहत आठवाँ वेतन आयोग की कार्यवाही शीघ्र शुरू करके सभी कर्मचारियों और पेंशनर के साथ न्याय करने, कैडर री स्ट्रक्चरिंग के आदेश शीघ्र जारी करने, बोनस की 7000 की प्रतिमाह की सीलिंग हटाने, रेल कर्मियों के माता पिता को पास की सुविधा, रेलवे आवास एवं कॉलोनियों को पर्याप्त मरम्मत एवं रखरखाव सहित विभिन्न मांगों के बारे में बताया।

सहायक महासचिव राजीव सारण व मीना सक्सेना, शाखा अध्यक्ष प्रेम नारायण ने प्रधान कार्यालय मे नई लगी फेस रिकोग्नीशन उपस्थिती प्रणाली की खामियों का अध्ययन कर खामियों को दूर करे बगैर ही जबरदस्ती कर्मचारियों पर थोपने के विरोध में यूनियन के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए समस्त स्टाफ को कर्मचारी हित में एक रहने का आव्हान किया।

विरोध प्रदर्शन के बाद समस्त कर्मचारियों ने प्रधान कार्यालय मे हुंकार रैली भी निकाली।

प्रदर्शन मे इन्द्र्पाल सिंह तंवर, नारायण सिंह, उत्तम बाथरा, सोनल माथुर, नूतन प्रकाश प्रजापति, मनोज कुमार मीना, शंकर लाल यादव, धर्मेश बैरवा, अजय गुर्जर, पवन जुनेजा, समित प्रताप सिंह, दौलत सिंह, योगेश शर्मा, महेश बोहरा, शिव कुमार, नरेंद्र राजावत, सोहन सिंह, शंकर लाल, शुभम भारद्वाज, अनुराग पारीक, छोटू लाल गुर्जर, विभा तापड़िया, आरती अग्रवाल, जमना कंवर, लक्ष्मी धाभाई, आकृति गोयल, दीप्ति माथुर सहित प्रधान कार्यालय के लगभग 500 कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहारनपुर में आई.एम.ए. की मासिक बैठकः हृदय व हड्डी रोगों के प्रति विशेषज्ञों ने किया जागरूक, सामाजिक कार्यों पर दिया जोर




**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर के जी.पी.ओ. रोड स्थित होटल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) की मासिक बैठक का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें स्वास्थ्य चर्चा के साथ-साथ सामाजिक और कानूनी जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में देहरादून के कनिष्क हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गैनदोत्रा ने स्वस्थ हृदय के लिए मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा), फल, और बादाम के सेवन की सलाह देते हुए रिफाइंड तेल, शुगर और धूम्रपान से बचने की चेतावनी दी; वहीं वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप दैथिक ने बताया कि कंधे के हर दर्द को फ्रोजन शोल्डर समझना गलत है और इसके सटीक निदान के लिए सही डॉक्टरी जांच आवश्यक है। आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने एसोसिएशन द्वारा स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण जैसे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनसेवा का संकल्प दोहराया, जबकि एडवोकेट सत्येंद्र कुमार वर्मा ने चिकित्सकों को 'पॉक्स एक्ट' (ढडरल अू३) के कानूनी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। वैज्ञानिक सचिव डॉ. कलीम अहमद के कुशल संचालन और डॉ. नीरज आर्य के धन्यवाद ज्ञापन के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में डॉ. मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ. रितु गुप्ता, और डॉ. अनुपम मलिक सहित शहर के अनेकों प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित रहे।

### विराट हिन्दू सम्मेलन में राम दरबार झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र पाल रोड



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** पाल रोड स्थित सम्राट अशोक उद्यान के पास, विवेकानन्द पार्क में, विराट हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम, धूमधाम से हुआ सम्पन्न । रामेश्वर सोनी कि रिपोर्ट के अनुसार, आयोजन समिति अध्यक्ष, सीताराम प्रजापत ने बताया कि, 31 जनवरी को वाहन रैली निकाली गई, वही 1 फरवरी को दिन में दो बजे मंछापूर्ण बालाजी मन्दिर से, विभिन्न मार्ग से होते हुए, कार्यक्रम स्थल तक, कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सभी माताएं सजधज कर आई, बीच रास्ते में भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर, भव्य स्वागत सत्कार किया।

कार्यक्रम श्री रामरतन दास महाराज, ओम श्री श्री महर्षि संदीपनी महाराज एवं ब्रह्माकुमारी मीनू दीदी, ब्रह्माकुमारी सुची दीदी के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ । वहीं भारत माता कि पूजा कर, दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम को शुरु किया, कार्यक्रम में भजनों कि सरिता बही, जिसमें भजन गायक रामेश्वर सोनी ने, एक से बढ़कर एक भजनों कि प्रस्तुति दी, तो श्रोतागण झूम उठे। वहीं बासुरी वादन, गीता सार, एवं संतों का प्रवचन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ, एवं अनेक रंगारंग कार्यक्रम हुए, वही राम परिवार कि झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र, मन मोहक झांकी बनकर आई तो, प्रभु श्री रामजी के जय जयकारो से, गुंज उठा प्रांगण पांडाल । यह आयोजन श्री कृष्णा नगर एवं, 23 सेक्टर के समस्त मोहल्ला वासियों द्वारा, मिलकर करवाया गया, मंच पर संतों और अतिथियो का स्वागत सत्कार किया गया । आयोजन के बाद में, भारत माता कि आरती की, एवं सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की, इस कार्यक्रम में एक हजार से अधिक भक्तों ने भाग लिया, और एक जुट होकर कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाई ।

### शिक्षिका संतोष निगम को भव्य विदाईः 29 वर्षो की सेवा के बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार से सेवानिवृत्त



**चमकता राजस्थान/धरम सिंह - झालावाड़।** गंगधार में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका संतोष निगम के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय स्टाफ की ओर से भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार के इस कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने किया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षिका संतोष निगम को प्रशस्ति पत्र और प्रतिक चिन्ह भेंट किए। तत्पश्चात स्नेह भोज दिया गया। बाद में संतोष निगम को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक प्रभु लाल मेहर ने कहा कि संतोष निगम ने 29 वर्ष 6 माह 9 दिन राजकीय सेवा की। उनका विद्यालय में कार्यकाल अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सेवानिवृत्ति के बाद उनका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहे। प्रिंसिपल मनोहर दास बैरागी ने कहा कि संतोष निगम के नेतृत्व में विद्यालय का संचालन, अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण हमेशा बेहतर रहा। विदाई समारोह में मनोहर दास बैरागी, प्रभुलाल मेहर, ओम प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, व्याख्याता किरण, धर्मेश नीमा, आशा निगम, अंजना एम भालेराव, गोविन्द नारायण सुमन और रामनारायण निगम मौजूद थे। विदाई समारोह जुलूस ग्राम पंचायत से शुभारंभ हुआ, जगह-जगह उनका आतिशबाजी की गई। नगर के गणमान्य जनों ने फूलों से स्वागत अभिनंदन किया।

### आज दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित निवर्तमान सरपंच (प्रशासक) प्रदेश अधिवेशन को हाँ संबोधित करने का अवसर प्राप्त हुआ




**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** कार्यक्रम के मुख्यअतिथि माननीय मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा जी। इस अवसर पर सभी निवर्तमान सरपंचों ने श्इ-ॠफ्अट ॠअधिनियम लागू करने के ऐतिहासिक निर्णय हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। योजना अंतर्गत 125 दिन की रोजगार गारंटी तथा प्रशासनिक व्यय में 6 से 9 प्रतिशत की वृद्धि से गांव-ढाणी में रोजगार व्यवस्था सुदृढ़ होगी। माननीय मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व मैं राजस्थान की डबल इंजन सरकार पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूर्णतः संकल्पित है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश दाधीज जी, केकडी विधायक श्री शत्रुघ्न गौतम जी, श्री बंशीधर गडवाल प्रदेश अध्यक्ष, शक्ति सिंह रावत प्रदेश महामंत्री , अर्जुन सिंह गौड़ जी , महेन्द्र सिंह मझेवला जी , नेमिचंद मीणा जी,रोशन अली जी , कृष्णमुरारी जी, कमल चौधरी जी, रफीक़ पठान जी, मुकेश मीणा जी, राम प्रसाद चौधरी जी, भागीरथ चौधरी जी, गजेंद्र सिंह जी, भंवरलाल जानू जी, गणेश साहु जी,प्रदेश पदाधिकारी निवर्तमान सरपंच प्रशासक उपस्थित रहे।

# विकसित भारत की दिशा में सशक्त कदमः केन्द्रीय बजट-2026 से युवा, महिला, किसान और उद्योगों को नई ऊर्जा : अविनाश गहलोत

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** केन्द्रीय बजट - 2026 के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। केन्द्रीय बजटझ्2026 को उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने वाला बताते हुए श्री अविनाश गहलोत ने कहा कि यह बजट विकास के सभी प्रमुख स्तंभों को संतुलित रूप से सशक्त करता है। बजट में युवा, महिला एवं किसान वर्ग को विशेष रूप से लाभान्वित करने के प्रावधान किए गए हैं, जबकि आयकर व्यवस्था को पूर्ववत रखा गया है। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और यह बजट 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों द्वारा जिले के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका मंत्री महोदय ने विस्तार से उत्तर देते हुए वीबी-जी रामजी और ग्राम उत्थान शिविर सहित अनेक विकासात्मक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।




मंत्री गहलोत ने बताया कि बजट में मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना और टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम से भीलवाड़ा, जयपुर एवं जोधपुर जैसे टेक्सटाइल केंद्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। वहीं देशभर में 200 इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स को पुनः सशक्त करने की घोषणा राजस्थान के उद्योग जगत के लिए वरदान सिद्ध होगी। लिक्विडिटी सपोर्ट, क्रेडिट गारंटी एवं ट्रांजेक्शन सेटलमेंट प्रोग्राम से जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर एवं कोटा जैसे शहरों में लघु एवं मध्यम उद्योगों को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल बॉन्ड्स की पहल प्रदेश के शहरी ढांचे को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएगी। वीबी-जी रामजी योजना में नरेगा की तुलना में बजट आवंटन को 86 हजार करोड़ से बढ़ाकर 95 हजार 692 करोड़ रुपये किया गया है, जिससे राजस्थान को अतिरिक्त वित्तीय लाभ प्राप्त होगा। कृषि उन्नति योजना के प्रावधानों से प्रदेश का कृषि क्षेत्र और अधिक मजबूत होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगा: आशीष सूद

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने वित्त वर्ष के लिए खेल एवं युवा मामलों के बजट में तीन गुना वृद्धि का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार 13 फरवरी से राष्ट्रीय राजधानी में 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करेगी। सूद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी, जिसमें शुरुआत में सात खेल (कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वाश) शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 20,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

### आईसीसी को पाकिस्तान पर कार्रवाई करनी चाहिये : गावस्कर

**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान 'यू टर्न' लेगा लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिये। पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिये यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था। गावस्कर ने 'इंडिया टुडे' से कहा ,'मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले।'

# टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होने से हो सकता है 25 करोड़ डॉलर का नुकसान



**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है और ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी हितधारकों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि आईसीसी हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस बहु-प्रतीक्षित मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। मेजबान प्रसारक को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है। जबकि इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत 40 लाख रुपये तक होती है। 'वॉकओवर' की स्थिति में हालांकि भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन आईसीसी के पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा।

### खिलाड़ी सरकार और बोर्ड के फैसले का पालन करेंगे: पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा

**कराची:** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी सरकार या क्रिकेट बोर्ड के किसी भी निर्देश का पालन करेंगे जिसमें 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले हाई-प्रोफाइल टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार भी शामिल है। सलमान ने लाहौर से कोलंबो रवाना होने से पहले मीडिया से कहा कि टीम को यह फैसला रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के तुरंत बाद टीम मैनेजर द्वारा बता दिया गया था। उन्होंने कहा, हम बोर्ड के साथ अनुबंधित खिलाड़ी हैं और सरकार तथा बोर्ड ने जो भी फैसला लिया है सभी खिलाड़ी उसके साथ हैं। सलमान ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप केवल भारत के खिलाफ खेलने तक सीमित नहीं है और टीम श्रीलंका में हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने और टूर्नामेंट जीतने के इरादे से जा रही है। उन्होंने कहा, हमारे तीन अन्य ग्रुप मैच हैं और हम सभी जीतकर अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।

## एशिया टीम चैंपियनशिप: भारतीय महिलाओं के सामने कड़ी चुनौती, पुरुष टीम की नजरें पोडियम पर

**किंगदाओ (चीन):** स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को यहां मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। उन्होंने सत्र की शानदार शुरुआत की। इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को तीन गेम तक चुनौती पेश की जिससे यह साबित हुआ कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हैं।

## भारत ने छह पदकों के साथ जॉर्डन में होने वाले टेंट पेगिंग विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**नयी दिल्ली:** भारत ने क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में कुल छह पदक के साथ जॉर्डन में नवंबर 2026 में होने वाली टेंट पेगिंग विश्व कप चैंपियनशिप के लिए सोमवार को क्वालीफाई कर लिया। संदीप कुमार, धनराज सिरसाट, बोंगे गणेश बलिराम और जितेंद्र सिंह की मौजूदगी वाली भारतीय घुड़सवारी टीम ने इस क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में चार टीम पदक और दो व्यक्तिगत पदक जीते। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने कुल मिलाकर कांस्य पदक हासिल किया और जॉर्डन में होने वाले विश्व कप फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सऊदी अरब, कुवैत, नॉर्वे और इंडोनेशिया जैसी पारंपरिक मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करते हुए भारतीय दल ने लांस, स्वॉर्ड और संयुक्त स्पर्धाओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने 29 जनवरी को लांस टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपना पदक अभियान शुरू किया। इसी स्पर्धा में राष्ट्रीय राइफल्स के धनराज सिरसाट ने व्यक्तिगत कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने टीम स्वॉर्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर अगले दिन (30 जनवरी) को यादगार बनाया। सिरसाट ने स्वॉर्ड स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने 31 जनवरी को लेमन एंड पेग्स, रिंग्स एंड पेग्स और रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। टीम के कोच-सह-प्रबंधक तरसेम सिंह वराइच ने नतीजों पर संतोष जताते हुए कहा कि युवा घुड़सवारों की निरंतर मेहनत रंग लाई है।

# खेलमंत्री मांडविया ने 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' लांच किया



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय आर्थिक चर्चा और विकास प्राथमिकताओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और आम बजट को लेकर उनकी समझ बेहतर बनाने के लिये खेल मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' शुरू किया जिसमें विजेता को विकसित भारत के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद का मौका मिलेगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा ,'इस साल बजटीय भाषण के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के दौरान युवाओं द्वारा दिये गए सुझावों की सराहना की और बताया कि कुछ सुझावों को 2026 . 27 के आम बजट में शामिल किया गया है।' उन्होंने कहा ,'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के जरिये हम देश के युवाओं की आवाज को मजबूती देने की कोशिश जारी रखेंगे।' मांडविया ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा की शुरूआत तीन फरवरी से माय भारत प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय स्तर के आनलाइन क्विज के जरिये होगी जो आम बजट पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा ,'इसमें भागीदारी के लिये 17 फरवरी तक की समय सीमा है और युवा माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर कर सकते हैं। इसमें बजट पर आधारित 30 सवाल पूछे जायेंगे।' उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से विजेताओं को 17 फरवरी से तीन मार्च तक दूसरे दौर में भाग लेने का मौका मिलेगा जिसमें निबंध लेखन होगा। उन्होंने कहा ,'इसमें युवाओं को विकसित भारत के विजन के साथ बजट से जुड़े आठ विषय दिये जायेंगे जिनमें से चुनकर एक पर उन्हें निबंध लिखना होगा।'

# तिलक ने फिटनेस टेस्ट पास किया, भारत 'ए' ने अमेरिका को 38 रन से हराया



**नवी मुंबई:** पेट के निचले हिस्से की सर्जरी के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मैच फिटनेस साबित की। उनकी मौजूदगी वाली भारत 'ए' टीम ने सोमवार को यहां खेले गए उच्च स्कोर वाले अभ्यास मैच में अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। तिलक के फिट होने से भारतीय टीम प्रबंधन ने राहत की सांस ली होगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 'ए' ने सीनियर टीम के 'हर कीमत पर आक्रामक क्रिकेट' के मंत्र को अपनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने 55 गेंदों में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 104 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिससे भारत 'ए' ने तीन विकेट पर 238 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की टीम ने सपाट पिच पर संघर्ष किया लेकिन 200 रन तक ही पहुंच सकी। संजय कृष्णमूर्ति ने 18 गेंदों में 41 रन की तेज पारी खेली। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लेकर वाशिंगटन सुंदर की अनुपस्थिति में अपना दावा मजबूत किया। तीन सप्ताह का 'रिटर्न टू प्ले' प्रोटोकॉल पूरा करने वाले तिलक ने 24 गेंदों में 38 रन बनाए और बिना किसी परेशानी के आक्रामक शॉट खेले। उन्होंने क्षेत्ररक्षण में एक शानदार कैच लिया और गेंदबाजी में भी एक विकेट चटकाया। उनकी सफल वापसी से बल्लेबाजी क्रम में तीसरे स्थान के लिए दावेदारी मजबूत हुई है, जिससे संजू सैमसन की जगह पर संकट बढ़ सकता है। कप्तान आयुष बडोनी ने 24 गेंदों में 60 रन की तेज पारी खेली, जबकि मयंक यादव की गेंदबाजी में लंबे ब्रेक के बाद लय की कमी नजर आई।

### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप: बांग्लादेश के खिलाफ हारा भारत

**पोखरा (नेपाल):** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को सोमवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।



## व्यापार



# विकसित भारत के लिए बैंकिंग की समीक्षा को उच्चस्तरीय समिति एक महत्वपूर्ण कदम : बंधन बैंक प्रमुख



**कोलकाता:** बंधन बैंक के संस्थापक और समूह चेयरमैन चंद्र शेखर घोष ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव, वित्तीय स्थिरता, समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को सुरक्षित रखते हुए, बैंकिंग क्षेत्र को भारत के विकास के अगले चरण के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करने और वित्तीय स्थिरता, समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को सुरक्षित रखते हुए, इसे भारत के विकास के अगले चरण के साथ जोड़ने के लिए समिति के गठन का प्रस्ताव दिया। उन्होंने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के लिए ऋण वितरण और प्रौद्योगिकी अपनाने के स्पष्ट लक्ष्यों के साथ एक प्रस्ताव की रूपरेखा भी बताई, और पैमाने और दक्षता में सुधार के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के एनबीएफसी के पुनर्गठन का सुझाव दिया। घोष ने कहा कि प्रस्तावित समिति बैंकों, विशेष रूप से सूक्ष्म ऋण और समावेशन-आधारित ऋण देने वाले बैंकों के लिए भविष्य के नियामक और नीतिगत ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, 'अगर हम विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं, तो सूक्ष्म ऋण उद्योग को और अधिक योगदान देना होगा, खासकर सबचे निचले पायदान के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने में यह योगदान जरूरी है।'

# बजट में वृद्धि को गति देने को निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता: सीतारमण

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण मं आईबीसी संशोधन विधेयक पेश करेगी: सीतारमण

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में बजट 2026-27 पेश करने के एक दिन बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से संबंधित प्रस्तावित कानून पर अपनी रिपोर्ट दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रही सीतारमण ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि कुछ शर्तों के अधीन, समिति के सुझावों को शामिल करते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश किया जाएगा।'



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।' वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमश: 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा, हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है।

## न्यूज अपडेट

### वापस आ चुके हैं 2,000 रुपये के 98.42 प्रतिशत नोट: आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपये के बैंकनोट में से 98.42 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, ''उस समय चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 जनवरी, 2026 तक घटकर 5,609 करोड़ रुपये रह गया।'' इस तरह 19 मई, 2023 के बाद से चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का 98.42 प्रतिशत वापस जमा हो चुका है। लोगों के लिए ये नोट जमा करने या अन्य मूल्य वर्ग के नोट से बदलने की सुविधा सभी बैंक शाखाओं में सात अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। उसके बाद से आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालय भी 2,000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं, जिन्हें लोगों के बैंक खातों में जमा किया जा सकता है।

### राजस्व घाटा अनुदान खत्म होने से राज्यों की वित्तीय स्थिति पर असर नहीं पड़ेगा: व्यय सचिव

**नयी दिल्ली:** व्यय सचिव वी वुअलनाम ने कहा है कि 16वें वित्त आयोग द्वारा हस्तांतरण के बाद दिए जाने वाले राजस्व घाटा अनुदान को खत्म करने की सिफारिश का राज्यों की वित्तीय स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने बजट के बाद पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में सोमवार को बताया कि केवल कुछ ही राज्यों को यह अनुदान मिल रहा था और वित्त वर्ष 2025-26 में इसकी कुल राशि घटकर मात्र 13,000 करोड़ रुपये रह गई है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व घाटा अनुदान एक क्रमिक रूप से कम होने वाला अनुदान था और 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार इसे 2025-26 तक खत्म होना ही था। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वित्त आयोग ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय करों में राज्यों की 41 प्रतिशत हिस्सेदारी का सुझाव दिया है। आयोग ने स्थानीय निकायों के अनुदान को दोगुना करने का सुझाव दिया है, जबकि राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान को खत्म कर दिया है। व्यय सचिव ने विश्वास जताते हुए कहा, 'मुझे भरोसा है कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को समग्र रूप से लागू करने से राज्यों की वित्तीय स्थिति काफी स्थिर और मजबूत हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अपने राजकोषीय लक्ष्यों और ऋण प्रबंधन पथ का पालन सुनिश्चित करने के लिए बहुत सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद राज्यों को भारी मात्रा में धनराशि दी जाएगी।

### आईएसी-लाइफ की सेवानिवृत्तों को राहत देने की पहल, पेंशन कर सुधार की मांग

**आसनसोल:** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल-इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) ने सेवानिवृत्ति आय और दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेंशन कराधान में सुधार की मांग की है। समिति का कहना है कि मौजूदा कर व्यवस्था अन्य आय वर्गों की तुलना में पेंशनभोगियों पर अधिक कठोर प्रभाव डालती है। आईएसी-लाइफ के सह-अध्यक्ष वेंकी अय्यर ने कहा कि कराधान के कारण सेवानिवृत्त व्यक्तियों की प्रयोज्य आय में उल्लेखनीय कमी आती है, जबकि वे प्राय: निश्चित पेंशन पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पेंशन कराधान को अन्य निश्चित ब्याज साधनों के अनुरूप किया जाए, ताकि संपूर्ण पेंशन राशि के बजाय केवल ब्याज या लाभांश घटक पर कर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पेंशनभोगियों की सेवानिवृत्ति पश्चात आय में वृद्धि होगी और जीवन बीमा के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को प्रोत्साहन मिलेगा। समिति ने पेंशन का रूपांतरण न करने वाले पेंशनभोगियों के लिए मानक कटौती का प्रस्ताव भी रखा है। ये सिफारिशें देश में बढ़ती पेंशनभोगी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत कर व्यवस्था की दिशा में अहम मानी जा रही हैं।

# महंगे स्मार्टफोन की ओर बढ़ा रुझान, एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28 प्रतिशत मूल्य हिस्सेदारी



**नयी दिल्ली:** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन के कारण संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं। काउंटरपॉइंट के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। आईफोन 16 सीरीज की सफलता, आकर्षक वित्तपोषण योजनाओं और 'एक्सचेंज ऑफर' ने कंपनी को देश में अपनी सर्वोच्च मूल्य हिस्सेदारी तक पहुंचा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, 'त्योहारों के दौरान प्रचार और बिक्री चैनल के विस्तार ने राजस्व वृद्धि को सहारा दिया, जिससे एप्पल 2025 में मूल्य के मामले में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में शीर्ष पर रही। आईफोन-16 वर्ष 2025 में भारत में सबसे ज्यादा आयात किया जाने वाला मॉडल रहा।' भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 में बिक्री की संख्या के मामले में एक प्रतिशत और मूल्य के मामले में आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा।

# बिहार सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले राज्यों में, प्रति व्यक्ति आय 76 हजार रु. हुई: वित्त मंत्री



**पटना:** बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है और राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। विधानमंडल में बिहार आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि वृद्धि दर के मामले में बिहार दूसरे स्थान पर है, जबकि तमिलनाडु पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा, ''बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय दर 7.3 प्रतिशत से काफी अधिक है।' यादव ने कहा, ''राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो 69 हजार रुपये से बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। सरकार का ध्यान औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है।' उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्य सचिव नवीन कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसे छह माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, 'आर्थिक नीति के तहत सरकार ने शुरुआती 10 वर्षों में बिजली और सड़क अवसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। अब सरकार का जोर औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन पर है, ताकि राज्य के लोगों की आय में तेजी से वृद्धि हो सके।' वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वित्त मंत्री ने कहा, '2024-25 के लिए नवीनतम त्वरित अनुमान के अनुसार बिहार का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) स्थिर मूल्य (2011-12) पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इस दौरान जीएसडीपी का आकार स्थिर मूल्य पर 5.31 लाख करोड़ रुपये और वर्तमान मूल्य पर 9.92 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। यह वृद्धि दर राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से अधिक रहने का अनुमान है।

## संक्षिप्त समाचार

### शोभा यात्रा के हर्षोल्लास के बीच मातम, डीजे से गिरकर ऑपरेटर की दर्दनाक मौत

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के शेरपुर पेलो गांव में गुरु रविदास जी की शोभा यात्रा के समापन के दौरान एक भीषण हादसा हो गया, जिसने खुशियों के माहौल को गम में बदल दिया। मिली जानकारी के अनुसार, शोभा यात्रा के शांतिपूर्ण संपन्न होने के ठीक बाद, डीजे वाहन पर तैनात 28 वर्षीय ऑपरेटर गुलाब सिंह (निवासी भूरिबास) चलते वाहन से नीचे उतरने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे सड़क पर जा गिरे, जिसके बाद डीजे वाहन का भारी टायर उनके सीने को रौंदता हुआ निकल गया। इस भयावह दुर्घटना में गुलाब सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिससे वहां मौजूद ग्रामीणों और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर तैनात पुलिस बल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक और सार्वजनिक जुलूसों में सुरक्षा मानकों और ऊंचे डीजे वाहनों के संचालन पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### बर्डिया लडाका मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान माता रानी की 325 फीट लंबी चुनर यात्रा निकाली



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया/करावन झालावाड़।** झालावाड़ जिले आवर क्षेत्र के गाँव बर्डिया लडाका मे श्री कालेश्वर मंदिर प्रांगण में सभी ग्राम वासियों की जन सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को पूरे गाव में भक्ति मय वातावरण में 325 फीट लंबी माँ शीतला माता चुनर यात्रा निकाली गई यह चुनर यात्रा ग्राम वासियों की उगवाई में निकलीं गई और श्रद्धा पूर्वक माताजी के चरणों में अर्पित की गई चुनर यात्रा में ग्रामीण उत्साह पूर्वक शामिल हुए डीजे पर धुनों नारों और ढोल नगाड़ो के साथ भक्तों ने माता के जयकारे लगाए इस धार्मिक आयोजन के दौरान कथा वाचक गोपाल पुरोहित ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भक्तों को धर्म भक्ति का सन्देश दिया श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है बडी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लेकर पुण्य अजित किया

### कामा विधानसभा क्षेत्र के बिलोंद गांव में जलभराव से जनजीवन प्रभावि



**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग।** कामा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिलोंद गांव के वार्ड नंबर 6 और गली नंबर 2 में सड़क पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी जमा रहने के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के चलते बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खास तौर पर दिक्कत हो रही है। आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर निकलना पड़ रहा है। गंदा पानी जमा रहने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराज़गी जाहिर करते हुए ''भाजपा हाय हाय'' के नारे लगाए। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की उचित व्यवस्था कर सड़क को दुरुस्त कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ साबिर मलिक ने किया ऊक्कठ ऊअऊक्कए उअऋए का उद्घाटन



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** दिल्ली रोड पर स्थित इस कैफे का उद्घाटन भाजपा नगर विधायक राजीव गुंबर और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री साबिर मलिक ने किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें स्थानीय नेता, व्यवसायी और मीडिया के लोग शामिल थे।

ऊक्कठ ऊअऊक्कए उअऋ में आपको स्वादिष्ट व्यंजन, आधुनिक माहौल और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यहाँ के शेफ की विशेषता है कि वे ताज़ा और स्वच्छ सामग्री का उपयोग करते हैं। कैफे में एक विशाल बैठने की व्यवस्था है, जिसमें आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। कैफे के उद्घाटन के अवसर पर, विधायक राजीव गुंबर ने कहा, ऱ्यह कैफे युवाओं के लिए एक नया और आकर्षक स्थल बनेगा। यहाँ के युवाओं को बेहतर स्वाद, आधुनिक माहौल और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साबिर मलिक ने भी कैफे के उद्घाटन पर अपनी बधाई दी और कहा, यह कैफे शहर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम करेगा।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत दस्तावेज : मदन राठौड़

चमकता राजस्थान




**उदयपुर/जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उदयपुर स्थित पटेल सर्कल पार्टी कार्यालय के मीडिया सेंटर में केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत दस्तावेज है, जो देश के आधारभूत ढांचे, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को नई गति देगा। राठौड़ ने कहा कि 2013 तक कांग्रेस शासन में देश विकास के मामले में पिछड़ा हुआ था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से लगातार ऐसे परिवर्तन हुए हैं, जिन्हें देशवासी स्वयं महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2013 में जहां 1.5 करोड़ लोग आयकर देते थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 9.2 करोड़ हो गई है, जो गरीबी में कमी और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है। प्रति व्यक्ति आय 2004-05 में 23,203 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 2,05,324 रुपए हो गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किसानों के हित में एमएसपी में हुई ऐतिहासिक वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि धान, गेहूं, मक्का, अरहर, मूंग और उड़द जैसी फसलों के दाम कई गुना बढ़े हैं, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2004-05 में धान का समर्थन मूल्य 550 रुपए था, जो आज 2023–24 में 2,183 रुपए हो गया है। इसी तरह मक्का पहले 505 से बढ़कर अब 2023–24 में 2,090 रुपए, अरहर 1,360 से 7,000 रुपए, मूंग 1,370 से 8,580 रुपए और उड़द 1,370 से 6,950 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, आधुनिक स्टेशन, ऑनलाइन टिकटिंग और बेहतर सुरक्षा व्यवस्थाएं नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही 100 से अधिक हवाई अड्डों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया गया है। सड़क क्षेत्र में 2013–14 में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण 50 हजार किलोमीटर से बढ़कर 1.5 लाख किलोमीटर से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि देश की जीडीपी तेजी से बढ़ रही है, 2009 में केवल एक एम्स था, जबकि आज 24 एम्स कार्यरत हैं और इस बजट में 5 आयुर्वेदिक एम्स की घोषणा की गई है। आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बन चुकी है।

राठौड़ ने कहा कि बजट का आकार 2013 में 2 लाख करोड़ से बढ़कर आज 54.1 लाख करोड़ हो गया है तथा पूंजीगत व्यय 1.1 लाख करोड़ से बढ़कर 12.2 लाख करोड़ हो गया है। राजकोषीय घाटा घटकर 4.3 प्रतिशत रह गया है। गंभीर बीमारियों की दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी समाप्त कर मरीजों को राहत दी गई है। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास, प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल, पर्यटन से रोजगार बढ़ाने हेतु 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने, एमएसएमई और लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान इस बजट में किए गए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा की गारंटी है कि भारत विकसित होगा, रोजगार मिलेगा, भुगतान समय पर होगा और बिचौलियों व भ्रष्टाचार को पनपने नहीं दिया जाएगा। यह बजट भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी पूरी टीम को इस जनकल्याणकारी बजट के लिए धन्यवाद दिया।

राठौड़ ने कहा कि रेलवे को देखा जाए तो 2013-14 में ट्रैक का विद्युतीकरण 20 प्रतिशत था जो आज 100 प्रतिशत हो गया है। नए स्टेशन नई रेल मार्ग डबल ट्रैक प्लेटफार्म की स्थितियां पहले से कई गुना बेहतर रेलवे का विद्युतीकरण का काम बढ़ाया गया पहले रेलवे का बजट अलग से होता था। मोदी सरकार ने रेलवे के बजट को मुख्य बजट में शामिल किया। वंदे भारत जैसी सेमी हाई स्पीड ट्रेनों का विस्तार किया गया। ब्रेकिंग सिस्टम को मजबूत और नई तकनीकी से बढ़ाया, जिससे हादसों में कमी आई टिकट बुकिंग ऑनलाइन करके ब्लैक का काम खत्म किया।

## खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा आज से सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगी सभी अकादमियों की सलेक्शन ट्रॉयल

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में 03 फरवरी से 10 फरवरी तक विभिन्न खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन किया जायेगा।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की सचिव श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि 03 व 04 फरवरी को कुश्ती-भरतपुर, साईक्लि-बीकानेर, हँडबाल-जैसलमेर (बालक अकादमी), खेल संस्थान कुश्ती-भरतपुर और हैंडबाल-जयपुर (बालिका अकादमी), 04 व 05 फरवरी को एथलेटिक्स-गंगानगर व अजमेर (बालक), एथलेटिक्स अकादमी अजमेर, एथलेटिक्स बालिका खेल संस्थान-जयपुर भरतपुर व उदयपुर, प्रस्तावित एथलेटिक्स अकादमी-चूरू (बालक/बालिका), एथलेटिक्स व पॉवरलिफ्टिंग पैरा खेल अकादमी-जयपुर में चयन स्पर्धा आयोजित की जायेगी।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्

उन्होने बताया कि 05 व 06 फरवरी को तीरंदाजी अकादमी उदयपुर व डूंगरपुर (बालक) और तीरंदाजी अकादमी व खेल संस्थान जयपुर व उदयपुर (बालिका), 06 व 07 फरवरी को कबडड़ी अकादमी-करौली व चूरू (बालक), हॉकी अकादमी-जयपुर (बालक), हॉकी अकादमी-अजमेर, हॉकी खेल संस्थान-भरतपुर और कबड्डी अकादमी-चूरू, कबड्डी खेल संस्थान जयपुर, भरतपुर व उदयपुर (बालिका) और बालक कबड्डी अकादमी डीडवाना में प्रस्तावित है।

श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में ही 07 व 08 फरवरी को बास्केटबाल अकादमी-जैसलमेर और सीनियर बास्केटबाल अकादमी-जयपुर (बालक), बास्केटबाल अकादमी-जयपुर और बास्केटबाल खेल संस्थान-उदयपुर (बालिका) के अलावा प्रस्तावित बास्केटबाल अकादमी-सीकर और प्रस्तावित बास्केटबाल अकादमी-बाडमेर (बालक) की चयन स्पर्धा आयोजित की जायेगी।

उन्होने बताया कि 08 व 09 फरवरी को फुटबाल अकादमी-कोटा, खेल संस्थान जयपुर (बालिका) और फुटबाल अकादमी-जोधपुर (बालक) के अलावा प्रस्तावित फुटबाल अकादमी-सीकर और बांसवाडा (बालक) की चयन स्पर्धा होगी। इसी प्रकार 09 व 10 फरवरी को वॉलीबाल अकादमी-जयपुर (बालिका) और वॉलीबाल अकादमी-झुंझुनू (बालक) के लिए चयन स्पर्धा होगी। इसके अलावा बॉक्सिग, वेटलिफ्टिग बालिका खेल संस्थान जयपुर में गत दो वर्षों में मेडल जीतने बाले खिलाडियों को वरियता दी जायेगी। प्रस्तावित बालिका खेल संस्थान मरतपुर और उदयपुर में चयन के लिए गत दो वर्षों में पदक जीतने वाले खिलाडियों को वरियता दी जायेगी।

### पिता की स्मृति में शिक्षा कोष को 21 हजार की भेंट



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां।** समीपवर्ती गागुडा गांव के महेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह व छोटू सिंह चौपावत ने अपने पिता के निधन पर बारहवें की रस्म के अवसर पर एक अनुकरणीय पहल करते हुए राजपूत समाज की होनहार एवं आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं की शिक्षा हेतु 11 हजार रुपये राजपूत शिक्षा कोष में जमा करवाए। यह राशि उन्होंने शिक्षाविद् सुरेन्द्र सिंह वाडिया एवं दशरथ सिंह शेखावत को भेंट की। इस अवसर पर समाजसेवी एवं भामाशाह राजेन्द्र सिंह कुंपावत संडारडा ने भी शिक्षा कोष में 10 हजार रुपये की राशि भेंट कर सहयोग किया। इस प्रकार कुल 21 हजार रुपये की सहायता राशि शिक्षा कोष को प्राप्त हुई। उपस्थित राजपूत समाज के प्रबुद्धजनों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

बारहवें के अवसर पर परंपरानुसार हरिजनों को घर पर आमंत्रित कर भोजन कराया गया तथा घी से हाथ धुलवाकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस मौके पर ठा. गणपत सिंह, इन्द्र सिंह, समुद्र सिंह झुपेलाव, चंदन सिंह संडारडा, ओम सिंह भाटी रामपुरिया, दलपत सिंह गागुडा, मनोहर सिंह, इन्द्र सिंह, रतन सिंह, कुशाल सिंह, कुशाल सिंह धनला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ठाणे में उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजित पवार के अस्थि कलश दर्शन और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे स्थित पार्टी कार्यालय में अजित पवार के अस्थि-कलशों के दर्शन किए गए। इस अवसर पर कलवा मुंब्रा के विधायक डॉ जितेंद्र आव्हाड, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के ठाणे जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान, नगरसेविका दीपाली भगत, मनिषा भगत सहित पार्टी के नगरसेवक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो रिक्तता आई है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता। इस दौरान अजित पवार गुट के अध्यक्ष नगर सेवक नजीब मुल्ला और आनंद परांजपे से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। आनंद पराजपे ने कहा कि ठाणे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का उद्घाटन अजित पवार के हाथों हुआ था और यह कभी नहीं सोचा था कि आज उनके कार्यालय में उनके अस्थि कलश को जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

### सामाजिक सप्ताह इन्द्रधनुष -2025 '' का आयोजन किया गया



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** दयानन्द आर्य बालिका महाविद्यालय ब्यावर मे 02.फरवरी.2026 सोमवार को '' सामाजिक सप्ताह इन्द्रधनुष -2025 '' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि आज प्रथम दिवस पर कबाड़ से जुगाड़, रंगोली, मेहन्दी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका रष्मी बाहेती, श्रीमती तारा धूत ने निभाई।

महाविद्यालय के सचिव बृजेष मालू ने प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किये। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राधिका पुत्री अनिल जोषी वाणिज्य संकाय प्रथम सेमेस्टर । रंगोली प्रतियोगिता में ममता सुपुत्री मिठू सिंह कला संकाय पंचम सेमेस्टर एवं मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया सुपुत्री शेखर पंवार कला संकाय पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सुश्री प्रीति साहू सुपुत्री त्रिलोक चन्द कला संकाय पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया प्रतियोगिता में अल्का मून्दड़ा, नीतू बाकोलिया नीलम साहू, निकिता शर्मा, डिम्पल मालू, सावित्री चौहान, आषा मालवीया, विनोद दौलिया, रितु बाबेल, श्रुति जांगिड़ , अजय साहू, पीयूष शर्मा, जया पांचाल, गायत्री देवी, राधा देवी, दीपिका कुमावत, राजेन्द्र भाटी आदि उपस्थित रहें

### ग्राम पंचायत पल्ला के गांव घाटा की सड़क बदहाल, जलभराव से ग्रामीण परेशान

**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग।** ग्राम पंचायत पल्ला के अंतर्गत आने वाले गांव घाटा की मुख्य सड़क इन दिनों बदहाली का शिकार हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बरसात के दौरान पानी भर जाने से हालात और भी खराब हो गए हैं। जलभराव के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं और वाहनों के खराब होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क की मरम्मत और उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य कराया जाए और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके।



# देसूरी एसीबीईओ माली ने नारलाई के विद्यालयों का किया शाला संबलन निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

**जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां देसूरी।** अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (एसीबीईओ) देसूरी विजय सिंह माली ने शाला संबलन कार्यक्रम के तहत नारलाई क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षिक, सहशैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसीबीईओ माली ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारलाई, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय दानियों का बास एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैरों कांकर नारलाई का अवलोकन किया।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारलाई के संस्था प्रधान अरविंद सिंह राणावत ने बताया कि एसीबीईओ माली ने कक्षाओं, आईसीटी लैब, मध्यान्ह भोजन (एमडीएम), पुस्तकालय एवं कार्यपुस्तिकाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यालय अभिलेखों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति का फीडबैक भी लिया।

संस्था प्रधान अरविंद सिंह राणावत ने आश्वस्त किया कि एसीबीईओ द्वारा दिए गए सभी निर्देशों की पूर्ण रूप से पालना की जाएगी। इस अवसर पर विनीता चारण, चतराराम देवासी, इकबाल, गणेश नारायण, सुमा टीटी, राजेंद्र सिंह राणावत, ओमप्रकाश, रविंद्र कटारिया, मोहनलाल चौहान, छगनलाल, हितेश ईचरशा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इससे पूर्व एसीबीईओ माली ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय दानियों का बास एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैरों कांकर नारलाई का भी शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संस्था प्रधान गुलाब सिंह राणावत, केशवंती मीणा, डिंपल देवड़ा एवं किशोर कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि विद्यालयों की शैक्षिक, सहशैक्षणिक एवं भौतिक स्थिति की जांच के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शाला संबलन एप के माध्यम से नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है, ताकि शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929